ISSN : 2456-8856

पंजीयन संख्या RNI No.: MPHIN/2002/9510 डाक पंजीकृत क्रमांक मालवा डिवीजन/204/2021-2023 उज्जैन (म.प्र.)

UGC Care Listed and Peer Reviewed Referred Bilingual Monthly International Research Journal

प्रेषण दिनांक 30 पृष्ठ संख्या 28

आश्वस्त

वर्ष 25, अंक 234 अप्रैल 2023

शत-शत नमन

संपादक – डॉ. तारा परमार

भारती दलित साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश, उज्जैन की अन्तर्राष्ट्रीय मासिक शोध पत्रिका

वर्ष : 25 अंक 234
अप्रैल 2023

आश्वस्त

(सन् 1983 से निरंतर प्रकाशित)

RNI No.: MPHIN/2002/9510
ISSN : 2456-8856

भारती दलित साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश, उज्जैन (पंजीयन क्रमांक 2327 दिनांक 13/05/1999) की मासिक पत्रिका

संस्थापक सम्पादक
डॉ. पुरुषोत्तम सत्यप्रेमी

संरक्षक
सेवाराम खाण्डेगर
11/3, अलखनन्दा नगर, बिड़ला हॉस्पिटल के पीछे,
उज्जैन मो.: 98269-37400

परामर्श
आयु. सूरज डामोर IAS
पूर्व सचिव-लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण वि.
म.प्र.शासन, भोपाल मो. 094253-16830

सम्पादक
डॉ. तारा परमार
9-बी, इन्द्रपुरी, सेठी नगर, उज्जैन-456010
मो. 94248-92775

सम्पादक मण्डल :
डॉ. जयप्रकाश कर्दम, दिल्ली
डॉ. खन्नाप्रसाद अमीन, गुजरात
डॉ. जसवंत भाई पण्ड्या, गुजरात
डॉ. शैलेन्द्र कुमार शर्मा, म.प्र.

Peer Review Committee
डॉ. श्रवणकुमार मेघ, जोधपुर(राजस्थान)
प्रो. दत्तात्रय मुरुमकर, मुंबई (महाराष्ट्र)
प्रो. रश्मि श्रीवास्तव, उज्जैन (म.प्र.)
डॉ.बी.ए.सावंत, सांगली (महाराष्ट्र)

कानूनी सलाहकार
श्री खालीक मन्सूरी एडव्होकेट, उज्जैन

अनुक्रमणिका

क्र.	विषय	लेखक	पृष्ठ
1.	अपनी बात	डॉ. तारा परमार	03
2.	Right to Health and Malpractices in Medical Profession A Socio-Legal Study with Special Reference to India	Dr. Pawan Kumar/Vandna	04
3.	सन् 2000 पश्चात चयनित हिन्दी नाटकों में नारी : चेतना और खमोश नहीं है नारी नाटक के विशेष संदर्भ में	निलेश कुमार देवजीभाई (शोधार्थी) डॉ. जशवंतभाई पंडया (शोध निदेशक)	08
4.	हिन्दी सोवियत संघ परिवार की भाषा	डॉ. श्रवण कुमार	11
5.	Critical Study of relation between Aggression and Academic Achievement among the Adolescent Students	Dr. Kavita Maruti Ghughuskar Dr. Kailas Ramesh Khonde	14
6.	Innovative Practices in Teacher Education	Dr. Rajkumari Gola	20
7.	भीम ने करी पढ़ाई ऐसी	बी.एल. परमार	26

UGC Care Listed Journal

खाते का नाम - आश्वस्त (Ashwast)
खाते का नं.- 63040357829
बैंक - भारतीय स्टेट बैंक,
शाखा- फ्रीगंज, उज्जैन (Freeganj, Ujjain)
IFS Code - SBIN0030108

Web : www.aashwastujjain.com
E-mail : aashwastbdsamp@gmail.com

एक प्रति का मूल्य	:	रुपये 20/-
वार्षिक सदस्यता शुल्क	:	रुपये 200/-
आजीवन सदस्यता शुल्क	:	रुपये 2,000/-
संरक्षक सदस्यता शुल्क	:	रुपये 20,000/-

विशेष : सम्पादन, प्रकाशन एवं प्रबंध अवैतनिक तथा पत्रिका में प्रकाशित विचारों से सम्पादक-मंडल का सहमत होना आवश्यक नहीं है। विवाद की स्थिति में न्यायालय क्षेत्र उज्जैन रहेंगा।

अपनी बात

''डॉ. अम्बेडकर भारतीय सरकार का लेबर–मेम्बर है। वह भारत के चुने हुए छः सर्वश्रेष्ठ दिमागों में से एक है, वह एक यथार्थवादी राजनीतिज्ञ है, जिसे आसानी से संतुष्ट किया ही नहीं जा सकता। जब वह सार्वजनिक सभा में भाषण देता है तो वह बिजली के समान तीखा, विचारोत्तेजक तथा विपक्षी का मुंह बंद कर देनेवाली विषय से सर्वथा सम्बद्ध बातें करता है।'' बेवरले निकोलस।

भारत का भविष्य अम्बेडकर में ही है। वे एक युगदृष्टा थे, वे एक व्यवहारिक व यथार्थवादी चिंतक थे। उन्होंने एक ऐसे सामाजिक प्रारूप की रचना की जिसका आधार समता, स्वतंत्रता व बंधुत्व था जिसमें सभी को स्वतंत्रता हो, सभी को शिक्षा एवं रोजगार के समान अवसर हो और सभी को विचार अभिव्यक्ति एवं विश्वास की पूरी आजादी हो। निरंतर बढ़ती सामाजिक व आर्थिक विषमता, भेदभाव व साधन सम्पन्न और साधनहीन के बीच बढ़ती खाई के कारण जिस चौराहे पर हम खड़े हैं, वहाँ से आगे जो दिशा दिखाई दे रही है, वह अम्बेडकर के दर्शन की ओर जाती है।

अपने समय के सबसे ज्यादा शिक्षित व्यक्ति बनकर डॉ. अम्बेडकर ने भारत के सामाजिक, राजनीतिक पटल पर एक जबरदस्त दस्तक दी। उनकी दस्तक की गूंज तब सुनाई दी जब उन्होंने द्वितीय गोलमेज कान्फ्रेंस में ललकारा। डॉ. अम्बेडकर की पहचान ऐसे व्यक्ति के रूप में हो चुकी थी जो कि न केवल कानूनी एवं संवैधानिक विषयों के सर्वश्रेष्ठ विशेषज्ञ थे, बल्कि भारत में एकमात्र ऐसे व्यक्ति थे जो भारतीय संविधान का प्रारूप बनाने में सक्षम थे। सामाजिक रूप से घृणास्पद, आर्थिक रूप से विपन्न, सांस्कृतिक रूप से उपेक्षित, राजनीतिक तौर पर नपुंसक व सभी प्रकार के मानवाधिकारों से वंचित करनेवाली हिन्दू सामाजिक व्यवस्था के खिलाफ अछूतों को प्रेरित करनेवाले डॉ. अम्बेडकर एक ऐसे नेता थे जिन्होंने हजारों सालों से मूक एवं वंचित जनता को बोलना सिखाया। डॉ. अम्बेडकर के नेतृत्व के विभिन्न मॉडलों पर यदि उनके नेतृत्व का विश्लेषण किया जाये तो वह युगांतकारी नेता के रूप में सामने आते हैं।

बदलते हुए समय को पहचानते हुए उन्होंने भारतीय समाज का आव्हान किया कि कुछ भी स्थिर नहीं है, कुछ भी शाश्वत नहीं है और न ही कुछ सनातन है। प्रत्येक चीज परिवर्तनशील है, व्यक्ति ओर समाज के लिये परिवर्तन जीवन का नियम है।

बाबासाहेब डॉ. अम्बेडकर मूल्य आधारित नेतृत्व के पक्षधर थे। उनका मिशन ऐसे समाज की स्थापना करना था जो समता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के मूल्यों में विश्वास रखता है। उनका नेतृत्व एक ऐसा नेतृत्व था जिससे करोड़ों निरीह, बदतर व स्वयं को इंसान न समझने वाले अछूतों को अन्याय के विरुद्ध संघर्षशील समाज के रूप में बदल डाला। उन्होंने निम्न समझी जानेवाली जातियों की महिलाओं को जागरुक कर उनमें आत्म–सम्मान और विश्वास के भाव जगाये। बाबासाहेब डॉ. अम्बेडकर जनता के आदमी थे, उनकी जनता गरीब, अशिक्षित और कमजोर थी। वे एक बात जानते थे कि वह इस जनता को शक्तिशाली बनाकर ही समाज को बदल सकते हैं। उन्होंने दलित जनता को राजनीति, समाज ओर शिक्षा के कार्यों में बराबर शामिल किया। उन्होंने अपने आन्दोलन को पीछे न जाने देने की अपील किसी नेता विशेष से नहीं करके अपनी अनुयायी जनता से ही की है।

वर्तमान सामाजिक तनावों को समझने के लिये जाति व्यवस्था की कुछ और गहरी जांच जरूरी है। डॉ. अम्बेडकर ने जाति व्यवस्था को श्रद्धा की आरोहक सीढ़ी और तिरस्कार को अवरोधक सीढ़ी कहा था। जहाँ इतिहास बाबासाहेब डॉ. अम्बेडकर को उनके बहुपक्षीय व्यक्तित्व और न्यायविद, संविधान शिल्पी, विचारक, लेखक और विवेकी, एक महान राजनीतिक संगठनकर्ता के रूप में उनके बहुपक्षीय योगदानों के लिये याद करेगा, वहीं उन्हें सर्वोपरि एक महान और संवेदनशील सामाजिक विद्रोही, एक लड़ाकू सुधारक और इस उपमहाद्वीप के पद दलितजनों के मुक्तिदाता के रूप में याद किया जायेगा।

आज हमारे बीच में बाबासाहेब नहीं है, लेकिन उनके विचारों की प्रासंगिकता दिनोदिन बढ़ती जा रही है। आज देश की हर ज्वलंत समस्या का समाधान उनके दर्शन में है। ऐसे महान व्यक्तित्व के धनी भारतरत्न बाबासाहेब डॉ. अम्बेडकर को उनकी 132वीं जयंति के अवसर पर शत–शत नमन.....

जय भीम!

– डॉ. तारा परमार

RIGHT TO HEALTH AND MALPRACTICES IN MEDICAL PROFESSION : A SOCIO-LEGAL STUDY WITH SPECIAL REFERENCE TO INDIA

- Dr. Pawan Kumar

- Vandna

ABSTRACT :

Presently Right to health is the major and burning issue of the whole world especially for developing nations. Now a day's many countries including India are facing various malpractices in the medical profession. So this article aims to discuss the matters of improper protocol and practices used by healthcare providers. Through this article, a researcher wants to show how malpractices are increasing day by day in India and other countries and what are socio-legal aspects which help to eradicate this malpractice in the medical profession. The purpose of this research is to explain that how medical professionals not only doctors are swindling money from the patients with the aid of various medical malpractices. That's why it is very important to discuss the right relating to Health because its importance is equal to other fundamental rights of the Constitution.

INTRODUCTION :

Right to health performs a very important role in every country. Presently according to a situation in India the Right relating to health is a more dominating right than others. It is rightly written by American philosopher Ralph Waldo Emerson in 1860 that "The first wealth is Health. If a person is not having proper health and also there are no proper remedies or right for protection of same then there is no fun of having so many fundamental rights in the Constitution. Currently, there are two professional sectors in which there is hidden malpractice firstly is Medical Profession and secondly is Legal Profession. Among two the most dominating is Malpractice in Medical Profession. The medical profession is known for its selfless services.

The relation between doctor and patient is the relation of trust and respect. But in reality, this noble professional has changed his way from moral values to money values. Presently doctors are giving more emphasis on money by adopting corrupt practices which directly or indirectly affect the patients. No importance is given to the feelings, financial status, and helplessness of patients. The purpose of this study is not to defame the medical profession but this

is a harsh reality which people are facing in every moment of their life.

MEANING AND DEFINITION OF MEDICAL MALPRACTICE

The word medical negligence and medical malpractice both are related to each other but their meaning is different. When we talk about malpractice in the medical profession, then to some extent there is also the reference of medical negligence. Firstly doctors practiced some negligent acts to do malpractice. The law of medical malpractice is an outgrowth of the general body of negligence law.[1] Medical Negligence means that you failed to do something that you should have done but on the other hand medical malpractice means medical practitioner acts negligently, intentionally, and want only while treating patients to gain profits.[2] So from the above meaning of malpractice, it is clear that it also includes some negligent acts to commit various malpractices in the medical field and it is professional misconduct or unreasonable lack of skill by the practitioners in the field of medicine. A medical malpractice lawsuit is built on the foundation of four main elements. By applying these elements to a particular case, an individual can gain a deeper understanding of the situation.[3]

DUTY : For proving medical malpractice, a person first has to prove that there is a legal duty that exists in the favor of doctors for the care and treatment of patients.[4]

- **BREACH.** After that person will need to establish that the duty was breached and the physician failed to fulfill his obligations to the patient. This often requires expert testimony as to the expected practices in similar situations.[5]

- **CAUSATION.** It is very important to establish a link between the breach of duty and the injury. The victim will have to prove that the breach was the ultimate cause of the injury.[6]

- **DAMAGE.** Finally, the person will need to show that damage was done. Without damages whether it is emotional or pecuniary person cannot demand any type of malpractice claim.[7]

LEGAL AND CONSTITUTIONAL ASPECT OF MEDICAL MALPRACTICE

In India, there is no direct law, which governs medical malpractice. Earlier and till now the law which governs malpractice in the medical profession has its origin in Common Law and the concept of the negligence of law of Torts.[8] These laws provide redressed

an aggrieved person with some other avenues. If we say that there is plain law that determines liability under medical malpractice then the answer is no. In India there are some civil and criminal laws which deal with cases of medical malpractices. The Supreme Court of India also through its various landmark judgments gave wide interpretation to the concept of negligence and tried to determine the liability of medical professionals in the cases of medical malpractices and gave various guidelines relating to the liability of Doctors in India. Various civil and criminal laws are as follows:

THE CONSUMER PROTECTION ACT 1986 : The Act protects a consumer's interests not only when he buys goods and services for everyday use, but also when he goes to a medical expert for treatment.[9] In the landmark judgment of Indian Medical Association V. V.P Shantha,[10] Supreme Court held that:

➢ Service rendered to a patient by a medical practitioner in the form of consultation, diagnosis, and treatment, both medicinal and surgical, would fall within the ambit of service as defined in section 2(1) (o) of the Act (except where the doctor renders service free of charge to every patient or under a contract of personal service). Sec 2(1) (o) presently Sec 2 (42) of Consumer Protection Act provides that the definition of Services.

➢ The fact that medical practitioners are members of the medical profession and are subject to the disciplinary oversight of the Medical Council of India and/or State Medical Councils established under the Indian Medical Council Act does not mean that the services they provide are outside the scope of the Act.

Apart from Civil Liability the criminal liability of Doctors can also be fastened under the **Indian Penal Code, 1860**.[11] However, the IPC does not expressly deal with "medical negligence," rather the provisions are generic. For instance, Section 304A of the Indian Penal Code (which deals with the death of a person by any rash or negligent act and carries a maximum sentence of two years in prison) applies to cases of causing death due to negligent driving of a motor vehicle and medical negligence resulting in the death of a patient. Similarly other general provisions of the Indian Penal Code such as Section 337(causing hurt) and 338(causing grievous hurt), are also frequently invoked in medical negligence cases.[12]

The Indian Medical Council Act, 1956, the Dentists Act, 1948, the Medical Termination of Pregnancy Act, 1971, the Preconception and Prenatal Diagnostic Techniques (Regulation and Prevention of Misuse) Act, 1994, the Transplantation of Human Organs Act, 1994, are other penal laws enacted by the Parliament and State legislatures from time to time may all result in criminal liability.[13]

The Constitution of India has also some rights and implicit provisions which indirectly protect the Rights relating to health. Such as Article 21, 32, 39, 41, 42, 47 and 243G.

CONCLUSION AND SUGGESTIONS

In India, all earnings of a common person are spent either in education or in curing the diseases and no person is certain about his health, So in India, Right to health and protection and development of this right is very important. Many laws ensure the protection of health but they are all just showpieces, there is no proper implementation of these laws, which is in dire need of the present hour. Many policies and facilities are provided by the government such as (Ayushman Bharat Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana) for the people but they never access the benefits of schemes due to lack of awareness among them. Just for the sake of money, medical practitioners are playing with the fear and emotions of the people. Some of the suggestions which will help in curbing the menace of malpractice in the medical profession are as follows:

- Proper interpretation and enforcement of the Right to health should be given.
- Separate or independent law on Medical Malpractice is required.
- Strict reforms in the management of government hospitals.
- Enhancement in the number of government hospitals.
- Reforms in the Indian Medical Council Act 1956.
- Proper vigilance on the doctors, hospitals, and path labs.
- Forbidding government doctors for running their private clinics.
- The dire need for the regulation of private hospitals.

- Dr. Pawan Kumar
Professor and Head
Gurunankdev Univercity, Amritsar
Mob. : 9814999930

- Mrs. Vandana Sharma
Assistant Professor
Gurunankdev Univercity
Amritsar (Punjab)
Mob. : 8847339298

References :

1. Pulyapudi Srinivas, "Impact of Medical Mal-Practice in India" International Journal of Modern Engineering Research (IJMER) Vol.3, Issue.1, Jan-Feb. 2013 pp-30-44 Retrieved from http://www.ijmer.com/papers/Vol3_Issue1/AF313044.pdf visited on December 22, 2021

2. ibid

3. Tremont Sheldon PC, "four elements of medical malpractice explained" Retrieved from: https://www.tremontsheldon.com/articles/four-elements-ofmedical-malpractice-explained/ visited on December 22, 2021

4. ibid

5. ibid

6. Pulyapudi Srinivas, "Impact of Medical Mal-Practice in India" International Journal of Modern Engineering Research (IJMER) Vol.3, Issue.1, Jan-Feb. 2013 pp-30-44 Retrieved from http://www.ijmer.com/papers/Vol3_Issue1/AF313044.pdf visited on December 22, 2021

7. ibid

8. Shaheen Waraich Rukhsana, "Medical Malpractice: An Analytical Study in the Light of Shariah & Law" Retrieved from http://prr.hec.gov.pk/jspui/handle/123456789/13390 visited on December 23, 2021

9. ibid

10. AIR 1996 SC 550

11. Amit Agrawal, "Medical Negligence: India Legal Perspective" Retrieved from https://www.ncbi.nlm.nih.gov/pmc/articles/PMC5109761/ visited on December 24, 2021

12. Amit Agrawal, "Medical Negligence: India Legal Perspective" Retrieved from https://www.ncbi.nlm.nih.gov/pmc/articles/PMC5109761/ visited on December 24, 2021

13. Shaheen Waraich Rukhsana, "Medical Malpractice: An Analytical Study in the Light of Shariah & Law" Retrieved from http://prr.hec.gov.pk/jspui/handle/123456789/13390 visited on December 24, 2021

सन् 2000 पश्चात के चयनित हिन्दी नाटकों में नारी : 'चेतना' और 'खमोश नहीं है नारी' नाटक के विशेष संदर्भ में

– निलेश कुमार देवजीभाई गामीत (शोधार्थी)

प्रस्तावना :

मनुष्य जीवन स्त्री और पुरूष दोनों से बना है लेकिन समाज का उनकी ओर देखने का दृष्टिकोण अलग–अलग है। पारिवारिक जीवन में पुरुष और स्त्री दोनों उतने ही उपयोगी हैं जितने रथ के दो पहिये। एक उपयोगी तथा सफल रथ के लिए दूसरी आवश्यक वस्तुओं के साथ ही साथ पहिये भी अपना विशेष महत्व रखते हैं। यदि किसी रथ का पहिया निर्बल तथा जर्जर है तो दूसरा पहिया भी किसी काम का नहीं रहता और धीरे–धीरे रथ का अस्तित्व भी मिट जाता है। ठीक इसी प्रकार पारिवारिक जीवन में पुरूष तथा नारी की समानता अति आवश्यक है। इन दोनों में से किसी एक के निर्बल तथा अशक्त हो जाने से समाज का अस्तित्व भी अनिश्चित सा हो जाता है क्योंकि दोनों के योगदान से ही समाज का निर्माण होता है तथा उसमें स्थिरता आती है।

भारतीय समाज और नारी :

नारी को निर्बल बनाने में हमारे समाज का पूरा–पूरा हाथ है । राष्ट्र कवि मैथेलीशरण गुप्त ने अपनी दो पंक्तियों मे ही वर्तमान नारी के जीवन का चित्र स्पष्ट किया है –

अबला जीवन, हाय ! तुम्हारी यह कहानी।
आँचल में है दूध और आँखों में पानी।।

न जाने कब से भारतीय नारी इस दर्द भरी कहानी को अपने आँचल में छिपा कर बैठी है। यह सबला होते हुए भी 'अबला' कहलाती है। पुरुष को वह जन्म देती है, बाल्यावस्था में उसे उंगली पकडकर चलना सिखाती है। समयानुसार उसकी देखरेख करती है। परंतु वह पुरुष बडा होकर ऐसी दया की मूर्ति के साथ कठोर

व्यवहार करता है। पुरूष द्वारा पग–पग पर अपमानित होती है इसलिए उसकी आँखों से प्रायः जल की धारा बहती रहती है।

वास्तव में गृहस्थाश्रम की सफलता नारी पर आधारित है इसलिए वह प्राचीन काल में प्रतिष्ठित पद पर विराजमान थी । मनु ने भी अपने ग्रंथ 'मनुस्मृति' में लिखा है –

यत्रनार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः ।
यत्र तास्तु न पूज्यन्ते सर्वस्तत्राफलाः क्रियाः।।

प्राचीन भारत में महिलाओं को जीवन के सभी क्षेत्र में पुरुषों के साथ बराबरी का दर्जा हासिल था। वैदिक काल में महिलाओं को शिक्षा दी जाती थी। महिलाओं की स्थिति में मध्यकालीन काल के दौरान अधिक गिरावट आई जब भारत के कुछ समुदायों में सती प्रथा, बाल विवाह, और विधवा पुनः विवाह पर रोक लगा दी गई ।

हिन्दी नाटकों में नारी :

हिन्दी सहित्य में आदिकाल से लेकर आज तक स्त्री के अनेक रूपों का वर्णन मिलता है। साहित्य में उसे अनेक रूपों मे देखा गया है। प्रसाद ने उसे श्रद्धा की उपमा दी तो पंत ने नारी को सहचरी कहा। निराला ने स्त्री मे शक्ति रूप देखा तो महादेवी ने उसे करुणा के रुप में देखा।

भारतेन्दु ने हिन्दी नाट्य साहित्य को गति प्रदान की। भारतेंदु के युग में नारी की स्थिति बडी दयनीय थी, उसे हीन दृष्टि से देखा जाता था। उसकी उपेक्षा की जाती थी तथा शिक्षा से वंचित रखा जाता था। भारतेंदु ने अपने नाटक 'नीलदेवी' में नारी का एक सशक्त रूप हमारे सामने पेश किया।

प्रसाद युग में स्त्री की स्वतंत्रता और स्त्री शिक्षा का द्वंद्व भारतेंदु युग के समान चल रहा था लेकिन फिर भी स्त्री के स्वयं के अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरुकता बढी। धीरे–धीरे शिक्षा का महत्व बढ रहा था। प्रसादजी ने अपने नाटक 'धृस्वामिनी' में स्त्री की स्वतंत्रता, स्त्री–पुरूष के संबंध, विधवा–विवाह जैसी समस्याओं को उभारा ।

उपेन्द्रनाथ अश्क ने अपने नाटक 'स्वर्ग की झलक' में शिक्षा से प्राप्त की गई प्रवृतिओं का विश्लेषण किया है। तथा स्त्री पर उसके पडने वाले कुप्रभावों को स्पष्ट किया है ।

वृंदावनलाल वर्मा ने ऐतिहासिक एवं सामाजिक नाटकों में स्त्री के विविध आयामों को प्रस्तुत किया है । 21वीं सदी मे स्त्री उत्थान की बात की है तथा नारी के अधिकारों के प्रति जागरुकता को दर्शाया है ।

डॉ. लक्ष्मी नारायण लाल के नाटक 'गंगा माटी' की नायिका गंगा एक सुशिक्षित ब्राहमण कन्या है। वह अपने अधिकारों के प्रति पूर्णरुप से जागरुक है। वह अपनी गुलामी किसी प्रकार सहन नहीं कर सकती तथा गाँव की अनेक अबलाओं को उनके अस्तित्व की पहचान कराने के लिए आगे बढाती है।

गिरिराज किशोर के नाटक 'प्रजा ही रहने दो' की द्रौपदी जागरूक नारी है जो प्रदर्शिका और प्रेरणा के रूप मे अपने पति के सम्मुख प्रस्तुत होती है। जगदीश चंद्र माथुर के नाटकों में स्त्री का प्रेमिका का रुप उभरकर सामने आता है।

इक्कीसवीं सदी की स्त्री अन्याय और अत्याचारों के विरुद्ध साहस के साथ आवाज उठाये और समाज के प्रत्येक क्षेत्र में अपना योगदान देते हुए सम्पूर्ण विश्व को प्रगति पथ की और ले जाए। तभी देश, समाज और राष्ट्र का विकास हो सकेगा ।

सन् 2000 पश्चात के हिन्दी नाटको में नारी :

ललितादेवी :

श्री मदनलाल शर्मा कृत 'चेतना' नाटक की नायिका ललितादेवी है। ललितादेवी कृष्णलाल की पत्नी है। पुरूष प्रधान समाज में ललितादेवी का जीवन अनेक समस्याओं से घिर जाता है। ललिता अपनी पहली संतान के रूप में लड़की को जन्म देती है तब उसके ससुराल में वह खुशी नहीं देखने को मिलती जो संतान प्राप्ति के समय परिवार में देखी जाती है। ललिता के सास–ससुर पुराने ख्यालात वाले है। उन्हें घर में लड़की

की जगह लड़का चाहिए। ताकि कुल का दीपक बन सके। दूसरी बार भी जब ललितादेवी पुत्री को जन्म देती है तो घरवाले उनसे मुँह फेर लेते है। परिवार में खुशी के बदले निराशा छा जाती है। इसीलिए ललितादेवी और पति कृष्णलाल अपनी छोटी बेटी ननंद को देकर उनका लड़का घर लाते है। घर में लड़की और लड़के के बीच भेदभाव होता है। ललितादेवी की बड़ी बेटी ममता और लड़का शुभम को लेकर आए दिन ललिता को सास–ससुर के ताने सहने पड़ते है। लड़की ममता पढ़ने में होशियार है उसकी छवि समाचार पत्र में छपती है वह क्षेत्र में अव्वल दर्जे पर आती है जबकि पुत्र शुभम 10वीं फैल हो जाता है।

सास–ससुर सारा कसूर ललिता पर लगाते है। इसी बहस के बीच पति–पत्नी में झगडा हो जाता है। और ललितादेवी घर छोड़कर चली जाती है।

ललितादेवी गृहिणी होने के साथ महिला प्रगति मंच की कार्यकर्ता भी है। समाज में होनेवाले महिलाओं पर अत्याचार के मुद्दों को उठाना, नारी को न्याय दिलाना उनकी समिति के कार्य है। ललिता घर छोड़कर दिल्ली नारी चेतना संगठन की अध्यक्ष बन जाती है। और नारी संघर्ष समिति की रचना कर समाज में पीडित नारियों को समाज में प्रतिष्ठा दिलाना उनके प्रति न्याय करना जैसे काम करती है।

इस प्रकार प्रस्तुत नाटक में नाटककार ने ममता के पात्र द्वारा समाज में फैले दहेज प्रथा, नारी उत्पीडन, अत्याचार, शिक्षा, पुरूष प्रधान समाज की मानसिकता जैसी समस्याओं को उभारा है।

चंडिका

उमाकान्त खुबालकर कृत 'खामोश नहीं है नारी' नाटक की नायिका चंडिका है । चंडिका आधुनिक नारी है। वह जीवनभर संघर्ष करती है, किंतु हार नहीं मानती। अपने साथ हो रहे ससूर के अन्याय को सहने के बजाय वह उससे संघर्ष करती। चंडिका आज की आधुनिक संघर्षशील नारी का प्रतिनधित्व करती है। चंडिका एक ओर विनम्र है तो दूसरी ओर अपने उपर हो रहे अन्याय का सामना करने के लिए माँ दुर्गा का रूप धारण करती है।

एक दिन चंडिका अपने घर के आँगन में तुलसी के चौरे के पास रंगोली बनाती है। परंतु उनके ससूर काशीराम को चंडिका की कलात्मक सूझ पसंद नहीं है। वह चंडिका को सबके सामने अपमानित करते हुए गाली–गलोच करते है। काशीराम के सामने कोई ऊँची आवाज में बात नहीं करता, लेकिन बहू चंडिका उसका मुकाबला करती है। चंडिका बदलते जमाने के साथ ताल–मिलाकर चलनेवाली महिला है। काशीराम उसे मारने के लिए दौडते है लेकिन चंडिका उसका मुकाबला करती है। पूरे गाँव में काशीराम का डर फैला हुआ है लेकिन आजकल की आयी हुई बहु चंडिका काशीराम का खुलकर सामना करती है। चंडिका अपने उपर हो रहे अन्याय को गूंगी बनकर चार दिवारी के बीच घुट–घुटकर मरना नहीं चाहती, वह प्रतिकार करती है। चंडिका के माध्यम से नाटककार ने आज की संघर्षशील नारी का चरित्र उभारा है ।

इस प्रकार 'चेतना' और 'खामोश नही है नारी' नाटकों मे स्त्री का आधुनिक रूप देखने को मिलता है।

– निलेशकुमार देवजीभाई गामीत
शोधार्थी – पी-एच. डी.
मो. 83209 39889
– डॉ. जशवंतभाई पंडया
शोध निदेशक
सीनियर प्रोफेसर एवं हिन्दी विभागाध्यक्ष
गुजरात विद्यापीठ, अहमदाबाद (गुजरात)–380009

संदर्भ सूची :

1. हिन्दी नाटक : उदभव और विकास – दशरथ ओझा
2. साठोत्तरी हिन्दी नाटकों मे नारी की दशा एवं दिशा – डॉ. मीना पाण्डे
3. चेतना – श्री मदनलाल शर्मा
4. खामोश नहीं है नारी–उमाकांत खुबालकर
5. इन्टरनेट

हिन्दी सोवियत संघ परिवार की भाषा

– डॉ. श्रवण कुमार

प्राचीन भारतीय भाषाओं का प्रवाह शौरसेनी और पैशाची भाषा से है । भारत में ये भाषाएँ भूत भाषा, रक्ष भाषा के रूप में जानी जाती थीं, वैदिक संस्कृत का आविर्भाव भी यक्ष भाषा से ही हुआ है। यह भाषा परिवार की दृष्टि इण्डो यूरोपियन परिवार की भाषा है। महाभारत में 'यर्वाण तूर्वाण ऋषिय वभूवः' अर्थात् यवन और तूरमान ही ऋषि थे। यह पक्तून अर्थात् पठान, सिक्ख, जाटू, शक, यवन, सरदार, मलिक, तेगिन (ठाकुर) एवं ऋषि के रूप में जाने जाते थे

म्लेच्छा हि यवनास्तेषु सम्यकशास्त्रमिद स्थितम् ।

ऋषिवत्तेऽपि पूज्यन्ते किं पुनर्दैवविद् द्विज ।।[1]

भारत में यवन जाति ही शास्त्रविद् थे, इनकी भाषा विलक्षण थी यह निर्घृण यक्ष थे। यह प्राचीनकाल में वेदज्ञ द्विज एवं ऋषियों की तरह पूजे जाते थे, इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है। प्राचीन भारत में पाणिनि एवं कायात्यायन के समय में 'यवनलिपि' प्रसिद्ध थी–

पाणिनि कात्यायनादि समकाले यवनानो शब्देन कस्याश्चिद् यवनलिपेः अत्र देशेऽपि प्रसिद्ध आसीत् ।।[2]

यवन आचार्य वराहमिहिर ने भारत में ज्योतिष शास्त्र का प्रणयन किया था। जिससे 12 राशियों का राशिफल बना था। जो भारतीय भाग्यवाद का आधार – ग्रंथ है । यह राशिफल भारतीय जनमानस में 52 वर्ण या भैरव, 64 विद्याओं, 56 अलौकिक भूविद्याओं का संधारण करता है।

वृहद् कथा – कुटिल लिपि या यवन लिपि में लिखा हुआ ग्रंथ था । इसका प्रणयन गुणाढ्य ने किया। यह यक्ष या पैशाची लिपि में लिखा गया ग्रंथ है। यह अपभ्रंश शौरसेनी का प्राचीनतम रूप है। राजा 'सूरसेन' के नाम से शौरसेनी लिपि का भारत में सूत्रपात हुआ । यह 'सुवर्ण' या सुनहरे वर्ण के थे इन्होंने श्रेष्ठ आर्यजन का विश्वनिर्माण किया।

'एक : सुपर्ण स समुद्रमाविवेश स इदं विश्वं भुवनं विचष्टै ।[3]

भारत में सिंधी से हिन्दी भाषा का सूत्रपात हुआ जो पणि थे। सोवियत रूस के कृप् और श्यप् ऋषियों ने इस वर्णमाला को पूरा वैदिक काल में गुप्त एवं अतिगुप्त रूप में स्थापित किया। अखंड भारत में सिन्धी से आशय है लंदा या लहंदा लिपि, पंजाब की टक्क, कैकेय, ब्राचड, मूरभाषा (उर्दू)[4] उर्दू, ओर्द रूसी शब्द से बन है । श्यह रूस की नदी वोल्गा के तट पर गोल्डेन (स्वर्ण) हार्ड (उर्दू) तातार जाति (पिशाच) निवास करती थी।[5]

राहुल सांकृत्यायन ने 'वोल्गा से गंगा' तक की यात्रा भारतीय आर्यों के आगमन का इतिहास वर्णित किया है। आर्य पेशावर (श्रावस्ती) परिव्राजक यायावर थे। भौगोलिक वातावरण के अनुसार विश्व में नार्दिक जर्मन 'उदीच्य पंडित' सबसे सुनेहले आर्य माने जाते हैं। प्रजापति के रूप में स्वयं को मंडित कर अपने अतिचार को बढ़ावा देते थे। पृथ्वी पर प्रजापति, पशुपति, मनु के आगमन से शासक द्वारा प्रजा पर अतिचार बढ़े मानवता शर्मसार हुई। श्रद्धा एवं ज्ञान की देवी इड़ा के उपभोग से पृथ्वी पर अतिमानवता, महाविनाश, महाविध्वंस, मृत्यु एवं भैरव क्रीड़ा का साम्राज्य भारत भूमि पर स्थापित हुआ। मनु का यह कहना पड़ा 'हम देव नहीं थे भूले थे सब भोग।'

देव प्रजाति आज भी इसे 'मधुमय' भोग भूमि मानती है जबकि यह भारत निवृत्ति मूलक **'अद्व्विस बुद्ध'** की भूमि थी जिसका आधार योगमार्ग था। कामायनी में देव सभ्यता में असुरत्व या पैशाचिक वृति सर्वत्र देखने में मिलती है देवों की कामुकता, मानव जाति के प्रति पशुभाव, हिंसा, देवों का सुरापान एवं अहंकार क्या देवों के लक्षण हैं ? कदापि नहीं –

'आज अमरता का जीवित हूँ, मैं वह भीषण जर्जर दंभ, आह। सर्ग के प्रथम अंक का अधम पात्रमय सा विष्कम्भ। (कामायनी 22/1)

श्रीमद्भगवद् गीता में इसे 'आसुरी वृति' कहा है

दंभो दर्प अतिमानवश्च क्रोधः पारूष्यमेव च

अज्ञान 'चाभिजातस्य पार्थ सम्पदमासुरीम्।।

इस प्रकार यह आभिजात या उच्च जाति, उच्च वर्ग आदि का दंभ तूर एव मूर शासक जाति में विद्यमान था। यह 'सूर्यास्त' (सिन्धी) पश्चिम भाषा का प्रयोग करते थे यह पश्चिम भाषा लहंदा या परम्परागत गुरुमुखी या सनातनी कहलाती थी, जिसे हम हिन्दी कहते है। सोवियत रूस में उज्बेक भाषा और हिन्दी समान्तर रूप में चलती है। यह जाति लाल, पीत एवं गौरवर्ण की थी। यह वीर जाति थी, वीर शब्द रूसी भाषा के 'वीरोस्' शब्द से बना है। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने आदिकाल का नामकरण 'वीर गाथा काल इसी तातार लड़ाके जाति के नाम पर रखा था। पैशाची भाषा, कुट्टिल भाषा, डच भाषा, रोमन भाषा, आर्मेयिक लिपि में कूट शब्द ही इसकी पहचान करवाते हैं यथा भारतवर्ष में वर्ष शब्द का कूट अर्थ है यह कुट्टिल या वर्ण विपर्यय करके लिखा गया शब्द है । व–र–ष = वर्ण विपर्यय र–व–स = रूस देश का वाचक है । वर्ष की पहचान '6 माह का एक दिन एवं 6 माह की एक रात' अर्थात् दिन और रात का प्रतीकार्य रूप में भारत रूस के रूप में एक वर्ष देवताओं का भूमिज लोगों के 365 दिनों के बराबर है। यह देव दम्भ ही है भारतवर्ष है। क्योंकि ये सोवियत रूस में अतिप्राचीनकाल में ध्रुव देशों में 6 माह के दिन एवं 6 माह की एक रात होती थी इस की पहचान सतानती आज भी रखते हैं।

सैंधव जाति लालवर्ण की थी सैंधा नमक इसका प्रमाण है। सैंधव हैंदव या हिन्दू जाति लूटमार करने वाली एवन (यवन) जाति या शक जाति थी। इसी के बल पर भारत का राष्ट्रीय संवत् शक संवत् बना। ये पारस्य पारसी या ईरानी भाषा बोलते थे–ये यवन आचार्य थे। ये बुद्धिवादी स्तोइक थे। स्तोइकों ने तर्कशास्त्र, धर्मदर्शन एवं भौतिक शास्त्र के द्वारा विश्व का गुलाम बनाया। दर्शन एक खेत है जिसकी रक्षा के लिए तर्क एक कांटों की बाड़ है, भौतिक शास्त्र खेत की मिट्टी और आचारशास्त्र फल है।[6] भारतीय दर्शन, दास एवं नाथ, उच्च एवं निम्न वर्गों में विभक्त जातीयता का 'बिल्ली कबूतर दर्शन' है।[7] भारत के नन्दी केश्वरों (नन्दोश्वर) ने भोगवाद को नाट्यशास्त्र में स्थापित किया। 'यह शाह और केसर' (सीजर) स्वेच्छाचारी शासक थे।[8] भारत में यवन राजा मिनान्डर जिसे भारतीय आर्य भाषा में महाइन्द्र कहते हैं ने मिलिन्द–पन्हों में नागसेन से 'अध्यात्म बोध' प्राप्त किया, शास्त्रार्थ किया। यहां गुप्तकाल में राजाओं को देवताओं के रूप में मंडित किया गया। राहुल सांस्कृत्यायन ने विश्व के दर्शनों के अध्ययन के बाद स्थापित किया कि भारतीय यवन शासक थे 'लाखों यूनानी हमारे देश में आकर सदा के लिए यहीं रह गये और आज वह हमारे रक्तमांस में इस तरह घुल–मिल गये हैं कि उसका पता आँख से नहीं इतिहास के ज्ञान से मिलता है जिस तरह इनके ज्ञान का हिस्सा हमारे ज्ञान में समा गया। गंधार मूर्तिकला में जिस तरह यवन – कला को स्पष्ट और गुप्त मूर्तिकला मे अस्पष्ट छाप देखते हैं, उसी पकार हमें यह स्वीकार करने में इंकार नहीं करना चाहिए कि हमारे मठों में साधु–भिक्षु और हमारी पाठशालाओं में अध्यापक बने बैठे शिक्षित सभ्य यूनानी हमारे लिये अपने विद्वानों का भी कोई तोहफा लाये थे।[9]

शक राजाओं के नाम के पीछे शक आता है। हुष्क, जुष्क, कनिष्क, तुरूष्क, वेम, कडफिसिस आदि में हुनिष्क, वासुदेव (वसुष्क) आदि शक शासक थे। इनका उल्लेख च्यवन (यवन) रामायण में मिलता है।

रूसी शासकों, पश्चिमी क्षत्रपों के नामों को कुट्टिल या गुप्त (कोड) लिपि में 'घ्स, य्स = ज़ (Z) यस् ग्रीक के जड (ज) भारत वासियों का संकेतिक चिह्न था।[10] रूस के जार शासकों का भारत में कुट्टिल शब्द राज या राजा व्यवहृत हुआ। सिजर या सिजार शब्द भारत में केशरीनन्दन के रूप में प्रसिद्ध है 'रूसी सम्राट की उपाधि जार है' CZAR यह लेटिन शब्द caesar से निकलता है czar का z वर्ण caesar के सार के स्थानापन्न हैं (हिन्दी में उल्टा रास या रासो काव्य के लिए प्रयुक्त है) डच भाषा में keiser नार्वे में केशरी keisari (केशरी) kaisar (केशर) के 12 रूपान्तर हैं।

caisere, caysere, caiser, caisar, kayssar, keyzar, kaeiseri, koesar[11] इसका उच्चारण सिसरो, किकरो, सिजर, जार, अपभ्रंश में किको, गीगो, गोगा, गागा के रूप में होता है। अतः राहुल सांस्कृत्यायन भोलानाथ तिवारी, चन्द्रधर शर्मा गुलेरी, उदयनारायण तिवारी एवं सुनीति कुमार चटर्जी ने इसे रूसी परिवार की भाषा के रूप में स्वीकार किया तथा राहुलसांकृत्यायन ने इसे 'सनातनी रूसी भाषा'[12] तथा भारतीयों को रूसी (ऋषि) कहा। ये मंगोल (तातार), ताजिक, जॉर्जियन, उज्बेक (हिन्दी) थे भारतीय आर्य रूसियों के पूर्वज शकों की एक जाति थी।[13] शक, हूण, कुषाण, चोल, मौखरी, तोखरी, यवन, तूरमाण परस्पर गुप्त नाम बदलते थे किन्तु एक ही थे। शुंगों के बाद अनेक शक और हिन्दू ग्रीक शासक हुए।[14] इस प्रकार निश्चय ही ग्रीक और शक जनता हिन्दू जनता में खो गई। ये तजबेक पारसी आर्यन (ईरान) की तहजीब गंगा जमुनी संस्कृति के रूप में जानी जाती है।

— **डॉ. श्रवण कुमार**
सह— आचार्य, हिन्दी विभाग
भाषा प्रकोष्ठ
जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय
जोधपुर (राज.) 342001
मोबाईल : 9352671936

संदर्भ :

1. शास्त्री प्रभाकर, वर्ण समीक्षा, राजस्थान संस्कृत अकादमी, जयपुर, 1995, पृ. 12
2. शास्त्री प्रभाकर, वर्ण समीक्षा, वही, पृ. 12
3. शास्त्री प्रभाकर, वर्ण समीक्षा, वही, पृ. 32
4. तिवारी उदयनारायण, हिन्दी भाषा का उद्गम और विकास, भारती भण्डार, लीडर प्रेस, इलाहाबाद, 1987, पृ. 199
5. तिवारी उदयनारायण, वही, पृ. 199
6. सांस्कृत्यायन राहुल, दर्शन दिग्दर्शन, किताब महल, इलाहाबाद, 2007, पृ. 24
7. सांस्कृत्यायन राहुल, वही, पृ. 30
8. सांस्कृत्यायन राहुल, वही, पृ. 40
9. सांस्कृत्यायन राहुल, वही, पृ. 21
10. गुलेरी चन्द्रधर शर्मा, पुरानी हिन्दी रू निबंध : कहानियाँ, नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी, दूसरा भाग, संवत् 2042 वि. सं., पृ. 151
11. व्यास राजशेखर, संवत् प्रवर्तक दिल्ली, पृ. 90, 91 सम्राट विक्रमादित्य, पाण्डुलिपि प्रकाशन, ईस्ट आजाद नगर,
12. सांकृत्यायन राहुल, साहित्य निबंधावली, किताब महल, इलाहाबाद, सं. 1949, पृ. 61
13. सांकृत्यायन राहुल, वही, पृ. 163
14. व्यास राजशेखर, वही, पृ. 69

Critical study of relation between Aggression and Academic Achievement among the Adolescent Students

Dr. Kavita Maruti Ghughuskar
Associate Professor

Dr. Kailas Ramesh Khonde
Associate Professor

Abstract :

Adolescence is the crucial period of every person. its the period when he is undergoing various changes such as physical, psychological and emotional changes at the same time its the time when they are on the verge of career selction. When adolescents expections are not fufilled they react in varied ways such as they become aggressive, frustrated, sometimes the commit sucide etc. Researcher wanted to know whether there is any corelation between persons agression and academic acheivement of adolescents. This paper highlights the corelation between stuents behaviour, specifically aggression and his academic achievemnet.

Introduction:

